10. Southern Plateau and Hills Region 11. East Coast Plaina and Hills Region
12. West Coast Plain and Ghats Region
13. Gujarat Plain and Hills Region
14. Western Dry Region
15. Island Region

This classification has been done on the basis of soil characteristics, climate, rainfall and water availability.

धातु के मूल्यों में वृद्धि

*215. **श्री राम जेठमलानी :** क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने अक्तूबर, 1988 में कुछ धातुओं के मूल्यों में वृद्धि की घोषणा की है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा गत तीन वर्षों में तांबे सहित इन धातुओं के मूल्यों में किस किस तारीख को वृद्धि की गई ; और

(ग) क्या यह भी सच है कि मूल्यों में इस वृद्धि के कारण आम मूल्य वृद्धि को प्रोत्साहन मिला है; यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री माखन लाल फोतेदार) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) आयातित तांबा, जस्ता, सीसा, टिन और निकिल के मूल्य मुख्य आयात व निर्यात नियंत्रक की अध्यक्षता वाली मूल्य निर्धारण समिति द्वारा हर महीने निर्धारित किये जाते हैं। यह समिति इन धातुओं के बिक्री मूल्य खनिज तथा धातु व्यापार निगम (एम. एम.टी.सी.) द्वारा आयातों की उतरने पर लागत को ध्यान में रखते हुए निर्धारित करती है, जिसमें प्रचलित आयात शुल्क शामिल होते हैं। अक्तूबर, 1988 में तांबा और टिन के मूल्य में वृद्धि हुई । गत तीन वर्षों के माहवार ब्यौरे अनुपत्र में दिये गये हैं । [देखिए परिशिष्ट 148, अनुपत्र संख्या 80]

धातुओं के मूल्यों में वृद्धि का प्रभाव अंतिम उत्पादों के मूल्यों में, उनके उपयोग की सीमा तक पड़ता है। मूल्यों को उचित स्तर पर बनाये रखने और उपभोक्ताओं पर वृद्धि का प्रभाव कम करने की दृष्टि से सरकार ने, दिसम्बर, 1987 में तांबे पर और अगस्त और सितम्बर, 1988 में क्रमश: निकिल और जस्ते पर आयात शुल्क में कमी कर दी है।

भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से चावल अनाज और खाद्यान्नों की चोरी

*216. **श्री शरद यादव :** क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में से हाल में चावल, अनाज और खाद्यान्नों की चोरी की घटनाएं हुई हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या इसके कर्मचारी भी इन चोरियों में अन्तर्ग्रस्त हैं और यदि हां, तो उन दोषी व्यक्तियों के नाम और पद नाम क्या हैं जिनके विरुद्ध विभागीय जांच हो रही है; और

(ग) सरकार द्वारा इस बात को सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (ग) सूचना एकत्रित की जा रही है।

Technology of pepsico

*217. SHRI SURESH KALMADI: Will *Van* Minister of FOOD PROCESSING INDUSTRIES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that as per existing policy 'Repetetivw import of technology" is not allowed;